भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1263
गुरूवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सतत पर्यटन

1263 श्री देरेक ओब्राईन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में पर्यटन स्थल प्रभावित हुए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान चरम मौसम की घटनाओं के कारण वार्षिक रूप से कितने पर्यटन राजस्व की हानि हुई है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान सतत पर्यटन के लिए राष्ट्रीय रणनीति और इकोटूरिज्म के लिए राष्ट्रीय रणनीति हेतु कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटक गंतव्यों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और विषम मौसम संबंधी घटनाओं के कारण होने वाली पर्यटन राजस्व की वार्षिक हानि का आकलन करने के लिए कोई औपचारिक अध्ययन नहीं कराया गया है।

सतत पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति और इको-पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति से संबंधित कार्यकलापों पर होने वाले खर्च को मंत्रालय के मौजूदा बजट/योजनाओं से पूरा किया जाता है। इसके लिए अलग से कोई निधि आबंटित नहीं की गई है।

****